आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक- 206 ● कटनी ● रविवार, 29 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -7 ● विक्रम संवत् 2078 शक 1935



## खेल दिवस पर खुशखबरः टोक्यो पैरालंपिक में भाविना पटेल की चांदी

# भारत की बेटी ने रचा इतिहास

**टोक्यो।** पैरालंपिक में भाविनाबेन पटेल ने इतिहास रच दिया। वह टेबल टेनिस की महिला सिंगल्स स्पर्धा का रजत पदक जीतने में सफल रहीं। उन्होंने खेल दिवस के मौके पर यह पदक जीतकर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। पैरालंपिक खेलों में टेबल टेनिस स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतने वाली भाविना भारत की पहली पैरा एथलीट हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे देश को नाज है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाविना से बात की और कहा कि उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक्स में इतिहास रच दिया है। हालांकि भाविना फाइनल में स्वर्ण पदक जीते से चूक गईं। खिताबी मुकाबले में उन्हें चीन की झोउ यिंग ने 3-0 से मात दी। चीनी खिलाड़ी ने यह मैच 11-7, 11-5, 11-6 के अंतर से जीता। झोउ यिंग शुरुआत से ही भारतीय एथलीट पर बढ़त बनाने में सफल रहीं। इसके बाद भाविना ने कई बार वापसी करने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुईं। फाइनल हारने के बावजूद भारतीय टेबिल टेनिस खिलाड़ी भाविना ने सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। भाविना पटेल के सिल्वर मेडल जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, उल्लेखनीय, भाविना पटेल ने रचा इतिहास, उन्होंने देश के लिए सिल्वर मेडल जीता इसके लिए बधाई, उनकी जीवन यात्रा प्रेरित करने वाली है और अधिक युवाओं को खेलों की प्रति आकर्षित करेगी। फाइनल मुकाबले में चीनी खिलाड़ी ने शुरुआत से ही जबरदस्त खेल दिखाया। उन्होंने पहला गेम 11-7 के अंतर से जीता। जबकि दूसरे में उम्मीद थी की भाविना वापसी करेंगी लेकिन ऐसा हो न सका। दूसरा गेम झोउ यिंग 11-5 से जीतने में सफल रहीं। इसके बाद तीसरे गेम में भाविना को हर हाल में जीत दर्ज करनी थी लेकिन वह असफल रहीं। तीसरा गेम चीनी खिलाड़ी ने 11-6 के अंतर से जीत स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। जबकि, भाविना को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मैच 19 मिनट तक चला।


## मन की बात



# खेलें भी और खिलें भी

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश-विदेश की जनता से अपने विचारों को साझा किया। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 80वां एपिसोड था। इस दौरान सबसे पहले उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया और उन्होंने कहा कि 41 साल बाद हॉकी में जान आई है। उन्होंने खेल के लिए अब खेलें भी और खिलें भी जैसा नया नारा भी दिया। इस दौरान उन्होंने जन्माष्टमी और विश्वकर्मा पूजा जैसे पर्व के महत्व को भी समझाया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में जितने राज्य वाटर सिटी प्लस होंगे उतनी ही स्वच्छता बढ़ेगी और हमारी नदियां भी साफ होंगी और पानी बचाने की मानवीय जिम्मेदारी भी निभाने होंगे। पीएम ने कहा कि हमेशा की तरह, जब भी आपलोग कुछ नया करें, नया सोचें, तो उसमें मुझे भी जरूर शामिल करिएगा। मुझे आपके पत्र और मेसेज का इंतजार रहेगा।पीएम मोदी ने कहा कि देश में 62 करोड़ से ज्यादा कोरोना वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है।

### क्रिक अपडेट



## ड्रग्स केस में अभिनेता अरमान कोहली गिरफ्तार

**मुंबई।** अभिनेता और बिग बॉस के पूर्व कंटेस्टेंट अरमान कोहली के घर हाल ही में एनसीबी का छापा पड़ा था। अब पूछताछ के बाद अरमान कोहली को गिरफ्तार कर लिया गया है। आज उन्हें सीटी कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। बता दें कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों ने शनिवार यानी 28 अगस्त को मुंबई में ड्रग्स से जुड़े एक मामले में अभिनेता के घर पर छापा मारा था। बताया जा रहा है कि अरमान के घर पर हुई छापेमारी के दौरान एनसीबी ने कुछ मात्रा में ड्रग्स भी बरामद किया है।

## रायपुर में आधी रात सड़क हादसा, दो छात्रों की मौत

**रायपुर।** रायपुर के माना एयरपोर्ट पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार दो छात्रों की मौत हो गई है और एक गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार सड़क पर बैठे एक जानवर से टकराई और उछलकर डिवाइडर में लगे हाईमास्क लाइट के खंभे को तोड़ती हुई पलट गई। हादसे के वक्त कार में तीन युवक सवार थे, जिनमें गौरव सिंह और हर्ष अग्रवाल हादसे के बाद कार में ही फंसे रह गए।, उनकी मौके पर ही मौत हो गई।।

## गुजरात में बजरंग दल ने कामसूत्र किताब में लगाई आग

**अहमदाबाद।** गुजरात में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कामसूत्र नाम की एक किताब को जला दिया। अहमदाबाद में एक किताब दुकान के बाहर कार्यकर्ताओं ने किताब की एक प्रति में आग लगा दी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह किताब हिंदू देवताओं को अश्लील रूप में दिखाकर उनका अपमान करती है। इतना ही नहीं, बजरंग दल के सदस्यों ने दुकान मालिक को धमकी भी दी कि अगर किताब की बिक्री जारी रही तो अगली बार दुकान को भी जला दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बजरंग दल के संयोजक जवलित महेता की तरफ से किताब के साथ वीडियो भी बनाया गया।

## हालात चुनौतीपूर्ण, हम बदलेंगे अपनी रणनीति- राजनाथ



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा हो जाने के बाद वहां के हालात बहुत ही चुनौतीपूर्ण हो गए हैं। इन हालातों ने कई देशों को अपनी रणनीति में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज में कहा कि वर्तमान हालातों ने हमें मजबूर कर दिया है कि हम अपनी रणनीति में बदलाव करें। अब भारत, अफगानिस्तान पर दोबारा से सोच रहा है और नई रणनीति तैयार कर रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऐसी ही चुनौतियों से लड़ने के लिए रक्षा मंत्रालय इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप बनाने पर तेजी से विचार कर रहा है। क्योंकि, युद्ध के समय सबसे महत्वपूर्ण होता है कि आप कितनी जल्दी निर्णय ले रहे हैं। ये बैटल ग्रुप जल्द निर्णय तो लेंगे ही साथ लड़ाकों की यूनिट भी तैयार करेंगे। ये बैटल ग्रुप हमारे दुश्मनों का खात्मा करने में सक्षम होंगे।

# 20 भारतीय फंसे काबुल एयर पोर्ट में हमले की आशंका के बीच

## अमेरिका ने दी चेतावनी अपने लोगों को बाहर निकाला



**काबुल।** काबुल एयरपोर्ट पर आतंकी हमला का खतरा अभी भी मंडरा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस संबंध में बड़ा अलर्ट जारी किया है। बाइडेन ने कहा है कि अगले कुछ घंटों में काबुल एयरपोर्ट पर एक बार फिर आतंकी हमला हो सकता है। इस बीच, भारत के लिहाज से चिंताजनक बात यह है कि 20 भारतीय अब भी काबुल में फंसे हैं। इन लोगों को काबुल एयरपोर्ट तक लाने में परेशानी हो रही है। अमेरिका का रेस्क्यु ऑपरेशन भी अंतिम चरण में है। ब्रिटेन अपने सैनिकों की आखिरी टुकड़ी को लेकर काबुल से रवाना हो चुका है। वहीं काबुल एयरपोर्ट पर उड़ानों को रोक दिया गया है। भारतीय वायुसेना का एक विमान अभी दुशांबे में खड़ा है। बाइडेन का यह बयान तब आया है जब अमेरिका ने बुधवार रात हुए आतंकी हमले का बदला ड्रोन से अटैक से लिया। उस आत्मघाती हमले में कम से कम 169 अफगान नागरिक और 13 अमेरिकी सेवा सदस्य मारे गए थे। जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी सेना ने इस्लामाबाद में इस्लामिक स्टेट के खुरासान आतंकी समूह पर हमला किया और काबुल विस्फोट के प्लानर को मार गिराने का दावा किया। बता दें, अमेरिका के बाद काबुल से अपने लोगों को निकालने और काबुल एयरपोर्ट खाली करने के लिए 31 अगस्त तक का समय है। इस बीच, खबर है कि काबुल एयरपोर्ट के एक हिस्से की सुरक्षा तालिबान ने संभाल ली है। विभिन्न देशों का रेस्क्यु ऑपरेशन अंतिम चरण में है। ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को निकालने के लिए आखिरी फ्लाइट भेजी थी, जो काबुल से निकल चुकी है।

## युवक को घसीटने वाले मुख्य आरोपित का मकान गिराया



**नीमच।** पिकअप वाहन से बांधकर आदिवासी युवक कन्हैयालाल भील की हत्या के मुख्य आरोपित महेंद्र गुर्जर के गांव जेतलिया में आरोपित के मकान को पुलिस प्रशासन ने जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि महेंद्र गुर्जर सहित 8 व्यक्तियों ने बांणदा निवासी आदिवासी युवक कान्हा उर्फ कन्हैयालाल भील के साथ मारपीट कर पिकअप वाहन के पीछे बांधकर घसीटा जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपियों ने युवक की मारपीट व वाहन के पीछे घसीटते हुए का वीडियो बनाकर इंटरनेट पर वायरल भी किया। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए 8 व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जिसमें से पांच व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है आरोपियों की संपत्ति भी खंगाली जा रही है। आरोपियों द्वारा अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जा रहा है, जिसमें सबसे पहले मुख्य आरोपी महेंद्र के मकान को ध्वस्त किया गया है।

## बसपा सुप्रीमो ने घेरा एमपी सरकार को

बसपा सुप्रीमो मायावती ने घटना की कड़ी निंदा की। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अति-निन्दनीय बताया है। साथ ही सरकार से दोषियों को सख्त सजा देने की मांग भी की है। उन्होंने इस मामले में सरकार को घेरा

# केरल में बेकाबू कोरोना, लगेगा नाइट कर्फ्यू, लॉकडाउन भी संभावित

## अगले सप्ताह से बढ़ेंगी पाबंदियां मुख्यमंत्री के निर्देश



**तिरूअनंतपुरम।** भारत में कोरोना के केस एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। बीते 24 घंटों में देशभर में कोरोना के 45,083 केस सामने आए हैं। 460 लोगों की मौत हुई है और 35,840 मरीज ठीक हुए हैं। अभी देश में 3,68,558 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति केरल में हैं। यहां 31,265 नए केस सामने आए हैं और 153 मरीजों की मौत हुई है। यह चौथा दिन है जब केरल में 30 हजार से अधिक कोरोना केस आए हैं। देश के कुल मामलों का करीब 70 फीसदी मरीज केरल से आए हैं। केरल में बिगड़ते हालात के बीच सरकार ने कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। राज्य में अगले सप्ताह से नाइट कर्फ्यू लागू होगा। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षमता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। रात्रि कर्फ्यू रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रहेगा। सीएम विजयन ने कहा कि ऐसे इलाके जहां संक्रमण दर सात प्रतिशत से ज्यादा है। वहां सरकार ने लॉकडाउन लगाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते से रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू रहेगा। बता दें बीते कुछ दिनों से सिर्फ केरल में लगभग दो तिहाई नए केस सामने आए हैं।

## अब उज्जैन में लगवाए जय श्री राम के नारे



**उज्जैन।** उज्जैन जिले के झारड़ा क्षेत्र के सेकली गांव मैं शनिवार को एक कबाड़ी का काम करने वाले मुस्लिम व्यक्ति को कुछ लोगों ने पकड़ लिया और उससे जबरन जय श्रीराम के नारे लगवाए। कबाड़ी के साथ मारपीट भी की गई। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने तत्काल आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के आदेश जारी किए, जिसके बाद दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। टीआई विक्रमसिंह ईवने ने बताया कि शनिवार को सेकली गांव में महिदपुर का रहने वाला कबाड़ी का काम करने वाला अब्दुल नामक व्यक्ति गया था। जिस पर उसे गांव के ईश्वर और कमल नामक युवकों ने पकड़कर पीटा और उससे जबरन जय श्री राम के नारे लगवाए। पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया। रविवार को वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी सतेंद्र कुमार शुक्ला ने तत्काल झाड़ा थाना प्रभारी को केस दर्ज करने व आरोपित युवकों की गिरफ्तारी के आदेश जारी किए। मामले में पुलिस में दोनों आरोपितों के खिलाफ धारा 153 ए, 505, 323, 294, 34 के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

## हो सकता है आतंकी हमला तालिबान से मिले जैश के दहशतगर्द



**जम्मू।** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीर में आतंकी हमले की आशंका जताते हुए अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट भारत के खिलाफ पाकिस्तान से आतंकी गतिविधियां चला रहे जैश-ए-मोहम्मद के सरगनाओं की तालिबानी आतंकियों से कंधार में हुई मुलाकात के बाद जारी किया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को इस मुलाकात के साथ ही सीमा पार आतंकियों की हलचल बढ़ने को लेकर कुछ अहम इनपुट मिले हैं। अगस्त के तीसरे हफ्ते में हुई इस मुलाकात में तालिबानी आतंकियों का एक बड़ा समूह शामिल था। जिसने भारत में आतंकी गतिविधियां बढ़ाने के लिए तालिबान से समर्थन मांगा। साथ ही पाकिस्तान के राजनीतिक हालात पर भी बैठक में चर्चा हुई। गौरतलब है कि 15 अगस्त को तालिबानी आतंकियों ने काबुल पर कब्जा कर यहां की लोकतांत्रिक सरकार भंग कर दी थी। इस समय कई देश यहां से अपने नागरिकों को निकालने में जुटे हैं। लाखों अफगान नागरिक भी दूसरे देशों में शरण मांग रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि 24 अगस्त को खुफिया इनपुट में सामने आया कि पाकिस्तान से आतंकी घुसपैठ कर श्रीनगर में ग्रेनेड हमले करने की कोशिश में हैं।

## मेरठ के किठौर में दिन निकलते ही दो किशोरों की हत्या

**मेरठ।** किठौर में रविवार को दिन निकलते ही दो किशोरों की निर्मम हत्या कर दी गई। दोनों के शव गांव के बाहर जंगल में पड़े मिले हैं। बताया गया कि दोनों किशोर शनिवार शाम को अपने घर से कुछ देर बाद लौटने की बात कहकर निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे, जिसके बाद रविवार को दोनों के शव जंगल में मिले। पुलिस मौके पर पहुंची।

# अयोध्या में रामायण कांक्लेव का राष्ट्रपति ने किया शुभारंभ



**अयोध्या।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक दिवसीय अयोध्या दौरे पर हैं। शनिवार को उनके स्वागत व सुरक्षा को लेकर सभी इंतजामों को अंतिम रूप दिया गया। अयोध्या धाम को सील करते हुए चप्पे-चप्पे पर निगहबानी है। वहीं दोपहर बाद रेलवे स्टेशन को छावनी में तब्दील कर दिया गया। राष्ट्रपति की सुरक्षा में ड्रोन कैमरे के साथ पैरामिलिट्री, कमांडो, एटीएस के दस्ते ने मोर्चा संभाला है। पूरी रामनगरी में सीसीटीवी कैमरे का जाल बिछा दिया गया है। रामकथा पार्क में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दीप जलाकर रामायण कांक्लेव का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति को रामनामी ओढाकर व राम दरबार का चित्र भेंट किया। वहीं, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने राष्ट्रपति की धर्मपत्नी को बनारसी साड़ी भेंट की। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंच गए हैं। प्रेसीडेंशियल ट्रेन सुबह साढ़े 11 बजे अयोध्या स्टेशन पहुंची। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर अयोध्या धाम को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। सभी एंट्री प्वाइंट पर बैरियर लगा दिए गए हैं। अब स्थानीय लोगों को भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विपक्ष के कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया है। उनके घरों पर पुलिस का पहरा है। डॉ. गनी, मनीष पांडेय, व्यापारी नेता नंद कुमार गुप्ता उर्फ नंदू को हाउस अरेस्ट किया गया है। वहीं, गांधी पार्क व तिकोनिया पार्क में भारतीय किसान यूनियन के चल रहे धरने पर भी पुलिस का सख्त पहरा है।

## नाबालिग से 7 लोगों ने किया दुष्कर्म

**रांची।** मैसूर के बाद रांची से भी गेंगरेप का मामला सामने आया है। यहां 13 साल की छात्रा के साथ उसके ही दोस्तों ने बारी-बारी से रेप किया। छात्रा गिड़गिड़ाती रही और छोड़ देने की गुजारिश करती रही, लेकिन हैवानों ने उसकी एक नहीं सुनी। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने परिवारीजनों की शिकायत पर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य फरार हैं।




# श्री कृष्ण का आधी रात में जन्म, एक-एक कारण बड़ा महत्वपूर्ण



**धर्म डेस्क।** जन्माष्टमी का पावन पर्व अब कुछ ही घंटो बाद दस्तक देने जा रहा है। यह पर्व हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस साल यह त्योहार 30 अगस्त 2021 दिन सोमवार को दस्तक देने जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी पूरी दुनिया को प्रेम का महत्व समझाने और धर्म की स्थापना करने के लिए लगभग 5 हजार साल पहले धरती पर जन्म लेने वाले प्रभु श्री कृष्ण जी का जन्मोत्स बड़ी ही धूम-धाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की लीला से तो हर कोई परिचित है। भगवान ने जन्म लेने के लिए जिस नक्षत्र, समय और दिन को चुना था वह कई मायनों से खास है, साथ ही इसका संबंध उनके पूर्वजों से भी जुड़ा हुआ है। भगवान द्वारा उनके जन्म लेने कि जो स्थिति तय की गई थी असल में वे काफी मायने रखती है भगवान श्रीकृष्ण जी के अगर पूर्वजों की बात करें तो पुराण के अनुसार उनके पूर्वज चंद्रवंशी थे, जो कि बुध के बेटे हैं। इसी वजह से भगवान श्री कृष्ण ने अपने जन्म के लिए बुधवार का दिन चुना और चंद्रमा को अपनी पत्नी रोहिणी अति प्रिय थी इसलिए उन्होंने नक्षत्र रोहिणी को चुना था। इसके अलावा चंद्र देव की इच्छा थी कि भगवान विष्णु उनके कुल में जन्म लें बस यही इच्छा को पूरी करने के लिए भगवान ने उनके कुल में जन्म लिया और कई बुरी शक्तियों का नाश करके महाभारत के जरिए धर्म की स्थापना की।



## डॉ. त्रेहन बोले- कहीं हम स्कूल खोलने की जल्दबाजी तो नहीं कर रहे, बच्चे बीमार पड़े तो संभाल नहीं पाएंगे

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना की दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई है। इस बीच, जिन राज्यों में केस कम हो गए हैं वहां नियमों मे ढिल दी जा रही है। कई राज्यों ने 1 सितंबर से स्कूल खोलने की घोषणा भी कर दी है। इस बीच, देश के जाने-माने डॉक्टर और मेदांता ग्रुप के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा है कि भारत में अब तक बच्चों का टीकाकरण शुरू नहीं हुआ है। यदि बड़ी संख्या में बच्चे बीमार पड़ जाते हैं, तो हमारे पास उनकी देखभाल के लिए अच्छी सुविधाएं नहीं हैं। हमारी जनसंख्या के आकार को देखते हुए हमें सतर्क रहना चाहिए। स्कूलों को फिर से खोलने के मुद्दे पर उन्होंने सवाल किया कि, क्या हमें अभी और कुछ महीनों के लिए धैर्य रखना चाहिए, टीका बाजार में आने देते हैं और बच्चों का टीकाकरण करवाते हैं और इसके बाद उन्हें स्कूल भेजतेहैं? या कि हम किस कारण से स्कूल खोलने की जल्दी में हैं, मुझे नहीं पता? यह देखना होगा कि हमें किन परिस्थितियों में स्कूल फिर से खोलना चाहिए।इससे पहले देश में कोरोना की तीसरी लहर पर डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा था कि अगर हम इसे कंट्रोल करना चाहें तो सबको अनुशासन में रहना होगा। कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा। कोरोना की तीसरी लहर को कम किया जा सकता है।





# पार्किंग की जगह पर लग रहीं फुटकर दुकानें

## मुख्य मार्ग पर हर समय बन रही जाम की स्थिति, खरीदी के लिए आने वाले लोग हो रहे परेशान

**कटनी।** शहर के मुख्य मार्ग हनुमान मंदिर से सुभाष चौक तक की सड़क पर इस समय फुटकर व्यापारियों का कब्जा हो गया है। त्योहारी सीजन शुरू होने के बाद अब इस मार्ग पर जहां जगह मिल रही है, वहां अस्थायी दुकानें लग रही है, जिसकी वजह से न केवल शहर के इस मुख्य मार्ग पर हर समय जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, वरन दुकानदारों और व्यापारियों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर जहां सेन्ट्रल पार्किंग की जाती थी, वहां अस्थायी दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है, जिससे अब इस पूरे मार्ग पर पार्किंग की जगह ही नहीं बची है। लोगों का कहना है कि वे अपने दुपहिया वाहनों को कहां पार्क करें, समझ ही नहीं आ रहा। दुकानों के सामने वाहन खड़े करते हैं तो चालानी कार्यवाही का खतरा बना रहता है। नगर निगम का अतिक्रमण दस्त भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के कतिपय अधिकारी और कर्मचारी केवल वसूली में व्यस्त हैं। क्षेत्रीय दुकानदारों का कहना है कि पिछले साल भी मुख्य मार्ग पर त्योहारी सीजन के दौरान फुटकर दुकानें लगती थीं लेकिन नगर निगम प्रशासन द्वारा ऐसी व्यवस्था बनाई जाती थी, जिससे आवागमन भी बाधित न हो और पार्किंग के लिए भी जगह बची रहे लेकिन इस बार रक्षाबंधन पर्व के करीब एक पखवाड़े पहले से ही सेंट्रल पार्किंग की जगह पर सड़क के दोनों ओर फुटकर दुकानें लग गई। जिससे मुख्य मार्ग सकरा हो गया और आवागमन बाधित हो रहा है। नगर निगम व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को व्यापारियों की समस्या से कई बार अवगत कराया गया। उनके द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण सुभाष चौक से हनुमान मंदिर के बीच के व्यापारी लगभग हर बड़े त्यौहार के समय पार्किंग व अन्य समस्याओं का सामना करते हैं।

### दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने पर चालानी कार्यवाही का सता रहा डर

### कर्मचारियों की मनमानी, परेशान हो रहे नागरिक

नगर निगम प्रशासन और अतिक्रमण दस्ते के कर्मचारियों की मनमानी के चलते मेन रोड के व्यापारियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम प्रशासन द्वारा मेन रोड में हनुमान मंदिर से सुभाष चौक तक सड़क के बीच में दोनों तरफ फुटकर दुकानदारों के ठेला लगवाने से पार्किंग के लिए जगह ही नहीं बची है। जिससे न केवल इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि खरीददारी करने आने वाले लोगों को भी अपने वाहनों की पार्किंग के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इसके अलावा कदम-कदम पर जाम भी लग रहा है।

### आटो पर रोक, चार पहिया को छूट

गांधीद्वार से आटो को सुभाष चौक की ओर जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन कार सहित अन्य वाहनों को आवागमन के लिए छूट दी गई है। त्योहार के समय जब सुभाष चौक से लेकर हनुमान मंदिर तक राखी का बाजार सजा हुआ है, तब चार पहिया वाहनों के इस मार्ग पर आवागमन पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग उठ रही है। इसके अलावा साधूराम स्कूल में चार पहिया वाहनों की पार्किंग की वजह से भी जाम लग रहा है।

### शांति समिति के निर्णयों का नहीं हुआ पालन

शांति समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि आगामी समय में पड़ने वाले रक्षाबंधन, हरछठ व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्यौहार के परिपेक्ष्य में लगने वाली छोटी दुकाने फारेस्टर प्ले ग्राउंड में लगेंगी। शांति समिति की बैठक में लिए गए इस निर्णय का नगर निगम प्रशासन रत्ती भर भी पालन नहीं करा सका। जिससे त्योहारों के दौरान मुख्य सड़क में कदम-कदम पर जाम की नौबत आ रही है। नगर निगम और यातायात सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा दुकानदारों के साथ ही राहगीरों और खरीदी करने आने वाले लोगों को करना पड़ रहा है।



# स्वस्थ शरीर के लिए खेल आवश्यक

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर नेहरु युवा केंद्र द्वारा ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन

**कटनी।** कोरोना महामारी के बीच खेल की ओर ध्यान आकर्षित करने एवं खेल की महत्ता को रेखांकित करने के उद्देश्य से नेहरु युवा केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर 28 अगस्त को ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे कटनी ज़िले के सभी विकासखंड कटनी, रीठी, बहोरिबंद, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा के खेल जगत से जुड़े अधिकारी, खिलाडी सहित युवक युवती मंडल के सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत में नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर ने गोष्ठी में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राम कुमार द्वारा खेल की महत्ता बताते हुए ओजस्वी कविता प्रस्तुत की। शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद के खेल प्रोफेसर विवेक चौबे द्वारा शिक्षा जगत में खेल के स्थान को जरुरी बताते हुए अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। हायर सेकंड्री स्कूल रीठी के खेल अधिकारी संतोष पटेल ने बताया कि खेल से शारीरिक सामाजिक ओर मानसिक विकास होता है स्वस्थ शरीर के लिए खेल आवश्यक है। सम्भागीय स्तर की पहली महिला क्रिकेट अम्पायर सुश्री स्नेह यादव ने विषम सामाजिक परिस्थिति से रूबरू कराते हुए महिला खिलाडियों को प्रोत्साहन देने की अपील की शासकीय महाविद्यालय गोविन्दगढ़ के खेल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने मेजर ध्यान चंद के ओलंपिक सफर के बारे में बताया साथ ही युवाओं को राष्ट्रीय खेल हॉकी खेलने प्रोत्साहित किया द्यराष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नरेन्द्र कुशवाहा व शुभम श्रीवास ने मेजर ध्यानचंद व खेल से संबंधित अपने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हेमन्त गुप्ता के द्वारा किया गया। इस अवसर में विकासखंड बहोरीबंदए बड़वाराए ढीमरखेड़ाए कटनीए रीठीए एवं विजयराघवगढ़ से राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अशोक चौहान ए आस्था त्रिपाठी ए हेमंत प्रसाद गुप्ताए नरेंद्र कुशवाहाए शुभम श्रीवासए महक बड़गियां ए विवेक गौतम ए आदित्य दुबे ए सोनाली ताम्रकारए साक्षी सोनियाए तृप्ति जैनए रामकुमारए मिथलेश कुमार ए अंकित सोनी सहित विभिन्न युवा मंडलों के सदस्यों का गोष्ठी को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग रहा।

# मिली पक्के आवास की चाबी, हितग्राहियों के खिले चेहरे



**कटनी।** जीवन का अधिकांश समय कच्चे व किराए के मकानों में बीत गया। मन में एक आस थी कि हमारा भी एक पक्का मकान हो ताकि बारिश के दिनों में टपकती छत से निजात मिल सके। आज हमारा सपना प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कारण पूरा हुआ है। हम भी अब दूसरों की तरह अपने पक्के मकान में रह सकेंगे। यह बात नगर निगम सीमा के प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों ने उस समय कही, जब खंडवा में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के बाद उन्हें बस स्टैंड आडिटोरियम में विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने उनके पीएम आवासों की चाबी सौंपी। मंच से इंदिरा ज्योति कॉलोनी निवासी हितग्राही संतोष विश्वकर्मा, तेजी लाल मिश्रा, ममता विश्वकर्मा, जयंती पयासी आदि को अतिथियों को चाबी सौंपी गई।इ ससे पहले खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के खातों में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राशि हस्तांतरित की। जिसका सीधा प्रसारण बस स्टैंड आडिटोरियम में एलईडी के माध्यम से किया गया। सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों के खातों में राशि भेजी और उसके बाद जनता को संबोधित कियाए जिसका प्रसारण लोगों ने आडिटोरियम में देखा। नगर निगम सीमा के 372 हितग्राहियों के खातों में पहलीए दूसरी व तीसरी आवास की किश्त जारी हुई। नगर निगम द्वारा बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने भी उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित किया। विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने शुरूआत से ही गरीबों के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाईं और आज उसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। पहले हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने बिचौलियों को राशि देनी पड़ती थी लेकिन सरकार अब सीधे उनके खातों में पूरी राशि भेज रही है।

विधायक ने कोरोना काल में मुख्यमंत्री के साथ सांसद वीडी शर्मा के किए गए प्रयासों को भी लोगों के सामने रखा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि जिन हितग्राहियों की किश्त लंबित हैंए वे चिंता न करें समय सीमा में उनकी राशि उन्हें मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास की जो कॉलोनियां हैं। हम उनको आदर्श कॉलोनियां बनाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री अलका जैन, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।


### खंडवा में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक से डाली पीएम आवास की किश्त

### चड्डा कॉलेज की छात्रा कांची अग्रवाल बनी न्यायाधीश

**कटनी।** कटनी आर्ट्र्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज चड्डा कॉलेज की छात्रा कु. कांची अग्रवाल ने अपने प्रथम प्रयास में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित सिविल जज परीक्षा में 11वीं रैंक हासिल कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जय चड्डा ने स्मृति चिन्ह् एवं पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया तथा अपने उद्बोधन में कहा कि कु. कांची अग्रवाल की यह उपलब्धि असाधारण है तथा विधि के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायी है। उसकी यह सफलता उन लोगों की सोच भी परिवर्तित कर देगी जो यह कहते हैं कि कटनी जैसे छोटे शहर में कोई भविष्य या जीवन रूपी क्षेत्र में विस्तार नहीं है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल उपाध्याय, विधि सहायक प्राध्यापिका श्रीमती ऋतिका साहनी आहूजा एवं सहायक प्राध्यापिका श्रीमती माला उपाध्याय की भी सराहना की कि उनके श्रेष्ठ अध्यापन मूट कोर्ट क्रियाकलापों एवं अन्य गतिविधियों के कारण ही यह सम्भव हो सका है।

## नीलिमा ❤ से

### फिर आओ कृष्ण मुरारी



प्रेम त्याग और अध्यात्म की मधुर बाँसुरी सुना जाना
हे मुरलीधर इस धरती पर फिर से प्रेम बरसाने आ जाना

राधा सा निश्छल प्रेम और प्रीत में मीरा सी दीवानगी
हे गिरधर गोपाल तुम सच्चे प्रेम का रूप फिर दिखाने आ जाना

जीवन का सही मार्गदर्शन, कर्म-पथ पर अडिग रहना
हे कृष्णा तुम सारथी बन फिर संसार को सिखा जाना

अधर्म को दूर कर, धर्म पथ, लक्ष्य मार्ग, कर्म ही पूजा
हे वासुदेव तुम पथभ्रष्ट समाज को गीता का ज्ञान सिखा जाना

पग-पग में हो रहा कितनी द्रौपदी का चीरहरण और अपमान
हे केशव तुम इन दुःशासन से नारी की लाज बचाने फिर आ जाना

रिश्तों में बैठे छल-कपट बुराई के कंस को दूर कर
हे देवकी नंदन यशोदा मैया के पुत्र तुम हर बेटे को फर्ज निभाना सिखा जाना

नफरत में तुम प्यार घोलकर अत्याचार का दुर्योधन मार कर
हे सुदर्शन चक्रधारी इस धरती पर तुम फिर चेतना नयी जगा जाना!!!



- नीलिमा पाठक सामंतरे

संडे स्पेशल

# बस में चढ़कर आए दिन ग्वालबाबा में हाजिरी लगाने जाता है श्वान

## आश्चर्य में पड़ जाती हैं सवारियां, हाजिरी लगाने के बाद दूसरी बस से लौट आता है गांव



**कटनी।** अरे देखो बस में कुत्ता चढ़ गया है इसको उतारो कहीं किसी को काट ना दे। बस में सवार यात्रियों ने जब कंडक्टर से कुत्ते को बस के नीचे उतारने के लिए कहा गया तो कंडक्टर द्वारा कुत्ते को नीचे उतारने के लिए काफी जद्दोजहद की गई किंतु कुत्ता बस के नीचे नहीं उतरा और अंदर ही अंदर किसी सवारी को बिना हानि पहुंचाए घूमता रहा। इसी बीच बस चालक ने बस को आगे बढ़ा दिया। बस में चढ़ा कुत्ता उस समय स्वयं ही बस से नीचे उतर गया जब बस का कंडक्टर ग्वाल बाबा में प्रसाद चढ़ाने के लिए बस को रुकवाया। कुत्ता उस समय तक ग्वाल बाबा मंदिर में खड़ा रहा जब तक की कंडक्टर ने प्रसाद नहीं चढ़ा दिया। बाद में कुत्ता वहीं पर रुक गया और बस अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो गई।



### सूंघकर लगा लेते हैं पता

कुत्ते कई तरह से संवाद करते हैं। यह सुंघकर एवं शरीर के हावभाव देखकर पहचान लेते है कि कौन उनके मालिक का हितैषी है और कौन नहीं। इसके अतिरिक्त शरीर की स्थिति, गति और चेहरे की अभिव्यक्ति भी मजबूत संदेश प्रेषित करती है। इन संकेतों में से कई मनुष्य भी पहचान सकते हैं। जैसे कि एक खुश कुत्ता उत्तेजित होकर अपनी पूंछ चारों ओर घुमाता है और गुस्से में होने पर गुर्राता और भौंकता है। शाब्दिक रूप से, कुत्ते भौंककर, गुर्राकर कोलाहल कर के संवाद करते हैं। वो अपने मालिक का ध्यान आकर्षित करने के लिए चेहरे पर तरह-तरह के भाव-भंगिमाओं का प्रदर्शन करते हैं। बहरहाल जो भी हो बस में कुत्ते का इस तरह से चढ़कर आए दिन ग्वाल बाबा तक जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### यह है पूरा मामला

सिहोरा से पान उमरिया होकर खमतरा पहरूआ जाने वाली एक बस मैं सवार यात्रियों में उस समय कौतूहल मच गया व सभी यात्री आश्चर्य में पड़ गए। जब बस ढीमरखेड़ा से खमतरा के लिए रवाना हुई थी। बस कुछ दूर चलने के बाद जब रास्ते में पड़ने वाले डुढहा स्टॉप पर सवारी उतारने के लिए रुकी तो उसमें एक कुत्ता भी सवार हो गया हालांकि बस कंडक्टर द्वारा कुत्ते को उतारने के लिए काफी मशक्कत करता रहा। इसके बावजूद भी कुत्ता बस से नीचे नहीं उतरा और वह उसमें सवार होकर ग्वाल बाबा मंदिर तक पहुंच गया। जानकारों ने बताया कि यह कुत्ता आए दिन बस में चढ़कर ग्वाल बाबा अपनी हाजिरी लगाने के लिए आता है। ग्वाल बाबा में उतरने के बाद वह वापस अपने ग्राम जाने के लिए किसी दूसरी बस में चढ़कर चला जाता है।

### क्षेत्र का प्राचीन स्थान है ग्वाल बाबा

इस संबंध में जानकारों ने बताया कि कटनी जिले के ढीमरखेड़ा और खमतरा के बीच जंगल में पढ़ने वाला यह स्थान काफी प्राचीन है। इस मार्ग से होकर जाने वाले वाहन चालकों द्वारा यहां पर कुछ देर के लिए वाहन को रोका जाता है। अधिकांशत वाहन वहां पर हॉर्न बजाकर ही निकलते हैं। घने जंगलों के बीच में पढ़ने वाला यह स्थान काफी रमणीय भी है।

# सिटी न्यूज



आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## आनंदम केंद्र : नेकी की दीवार में कपड़ों के साथ-साथ खिलौना एवं कॉपी, किताबें





**कटनी।** राज्य आनंद संस्थानए भोपाल के असिस्टेंट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. केपी तिवारी ने बताया कि कटनी जिले में गरीब असहाय व जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए बनाई गई नेकी की दीवार आनंदम स्थल लॉकडाउन के चलते बंद हो गई थी। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा संज्ञान में लेते हुए फिर से इस दिशा में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये है। जिसके तहत आनंदम केन्द्र को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। राज्य आनंद संस्थान के असिस्टेन्ट प्रोग्राम को.ऑर्डिनेटर श्री तिवारी ने बताया कि अब आनंदम केंद्रों में कपड़ों के साथ साथ कापीए किताबें, खिलौने, जूते, चप्पल एवं अन्य आवश्यक सामग्री रखने की पहल करने जा रहे हैं। इसके लिए डॉ. तिवारी की उपस्थिति में डीपीएल अनिल कांबले ने प्रियंक मिश्रा से विस्तार से चर्चा की। जिसमें आनंदम स्थल को जिलेभर में प्रारंभ करने के विषय पर विस्तार से चर्चा हुई और इसके संचालन और रखरखाव की व्यवस्था के लिए डाइट कटनी में जिले के आनंदकों, आनंदम क्लब के पदाधिकारीयो, आनंदम सहयोगीयों, मास्टर ट्रेनर, समाजिक संगठनों के पदाधिकारीयों एवं सामाजिक कार्यकर्तायों के उपस्थित में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आनंदम केंद्र के संचालन की जवाबदारी लेने के लिए स्वेच्छा से कई लोग आगे आए। आनंदम केंद्र के संचालन के संबंध में एसडीएम बलवीर रमन से भी सहयोग के लिए चर्चा की गई। जिसमें एसडीएम ने गरीबों की मदद के लिए हर संभव सहयोग करने की बात कही। आनंदम केंद्र के संचालन के लिए जिले से डीपीएल अनिल कांबले, मास्टर ट्रेनर्स राजेंद्र असाटी, मनीषा कांबले, आनंदम सहयोगी बालमुकुंद मिश्रा, रश्मि खरे आनंदक स्मृति करपतेए आरती जाटव, रितेश नायक, निष्ठा रावत, अभय सिंह, मुकेश द्विवेदी, ज्योति बर्मन, सारिका गुप्ता, यशोदा कोरी, वीके कनौजिया व उपस्थित अन्य लोगों ने संकल्प लिया।

## शहरी क्षेत्र के 4 केन्द्रों पर कल होगा टीकाकरण

### 2 केन्द्रों में कोवीशील्ड के पहले और 2 केन्द्रों पर दूसरे डोज के लिये ऑनलाइन स्लॉट होंगे बुक



**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार 30 अगस्त को कोविड.19 वेक्सीनेशन के महा अभियान का द्वितीय चरण के तहत टीकाकरण सत्रों का आयोजन होगा इसके लिये नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत टीकाकरण के लिये 4 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघई ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 30 अगस्त को आयोजित होने वाले टीकाकरण केन्द्रों में से 2 केन्द्रों पर कोवीशील्ड वेक्सीन के पहले डोज के लिये टीकाकरण सत्र आयोजित होंगे इसी प्रकार शेष दो केन्द्रों में कोवीशील्ड वेक्सीन के दूसरे डोज के लिये टीकाकरण सत्रों का आयोजन होगा। इन सभी निर्धारित केन्द्रों में ऑनलाईन स्लॉट बुक कर नागरिक अपना वेक्सीनेशन करा सकेंगे। वेक्सीनेशन के लिये कोविन पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को अपना पंजीयन कर स्लॉट बुक करना अनिवार्य होगा। स्लॉट बुक करने के लिये सेशन ऑनलाईन किये जा चुके हैं। निर्धारित केन्द्रों के अनुसार कटनी शहरी क्षेत्र अंतर्गत शेरावाली मंदिर राजीव गांधी वार्ड कटनी और सेवा भारती सरस्वती स्कूल कटनी में कोवीशील्ड वैक्सीन के दूसरे डोज के लिये टीकाकरण सत्रों का आयोजन होगा। इसी प्रकार रेल्वे हॉस्पिटल एनकेजे तथा ऑर्डिनेन्स हॉस्पिटल कटनी में कोवीशील्ड वैक्सीन के पहले डोज के लिये वेक्सीनेशन सत्र आयोजित किये जायेंगे।

## वेक्सीनेशन के लिये बचे लोगों को चिन्हित करें

### एसडीएम ने दल गठित कर जानकारी प्रस्तुत करने के दिये निर्देश

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा कोविड वेक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रीठी तहसील अंतर्गत 18 वर्ष से ऊपर सभी व्यक्तियों का वेक्सीनेशन ;प्रथम डोज एवं द्वितीय डोजद्ध लगाया जाना है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलबीर रमन ने बताया कि तहसील अंतर्गत 60.65 प्रतिशत व्यक्तियों का वेक्सीनेशन अब तक हुआ है।ए तहसील अंतर्गत वैक्सीनेशन के लिये शेष व्यक्तियों को चिन्हांकन मतदाता सूची के माध्यम से सर्वे किये जाने के लिये ग्राम सचिवए रोजगार सहायक एवं बीएलओ तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम गठित करते हुये एसडीएम श्री रमन ने आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के तहत संबंधितों को मतदाता सूची में सिंगल डोज हेतुए डबल डोज हेतुए कोई डोज नहीं लगी हैए ग्राम से बाहर हैंए का चिन्हांकन कार्य करने के लिये निर्देशित किया गया है। गठित टीम को इस कार्य के साथ ही मतदाता सूची के माध्यम से सर्वे कर तीन दिवस के भीतर सिंगल डोज के लिये शेषए डबल डोज के लिये शेष व्यक्तियों की जानकारी सीईओ जनपद रीठी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके बाद सीईओ जनपद संबंधित जानकारी को कम्पाईल कर एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

## राज्य खेल अकादमी हेतु प्रतिभा चयन के लिये आवेदन कल तक



### जिला, संभाग, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के प्रतिभागी कर सकेंगे आवेदन

**कटनी।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विजय भार ने बताया कि 25 अगस्त को फॉरेस्टर खेल मैदान में राज्य खेल अकादमी के लिये होने वाले जिलास्तरीय प्रतिभा चयन के लिये शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी विभाग से 54 खेल शिक्षक, खेल प्रभारी उपस्थित हुये। जिसमें प्रतिभा चयन में कराये जाने वाले टेस्ट का डेमो कराया गया।

संचालनालय खेल और युवा कल्याण द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिन खिलाड़ियों द्वारा अपनी ऑनलाईन एन्ट्री 23 अगस्त तक नहीं की गई है, वे यदि जिलास्तरीय, संभाग स्तरीय या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभागी रहे हैं तो निर्धारित दस्तावेजों सहित 30 अगस्त की सांय 5 बजे तक कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग में जमा करा सकते हैं। इनके चयन की प्रक्रिया 5 सितम्बर को फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में आयोजित होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये मोबाईल नंबर 9893858858 और 9770266550 पर संपर्क किया जा सकता है।

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री भार ने बताया कि जिलास्तरीय टेलेन्ट सर्च के तहत 31 अगस्त से 5 सितम्बर तक प्रातः 10 बजे से प्रतिभा चयन की गतिविधियों का आयोजन होगा। चयन के लिये आने वाले प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित रहेगी। जिसके अनुसार 31 अगस्त को फॉरेस्टर खेल मैदान फुटबॉल ग्राउण्ड में 1 से 100, फॉरेस्टर खेल मैदान हॉकी ग्राउण्ड में 101 से 200 तक प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। इसी प्रकार 1 सितम्बर को हॉकी मैदान में 201 से 350, फुटबॉल मैदान में 351 से 500, 2 सितम्बर को फुटबॉल मैदान में 501 से 700 और हॉकी मैदान में 701 से 900 तक प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। 3 सितम्बर को फुटबॉल मैदान में 901 से 1100 और हॉकी मैदान में 1101 से 1300 तक, 4 सितम्बर को फुटबॉल मैदान में 1301 से 1500 तक और हॉकी मैदान में 1500 से 1700 प्रतिभागी, 5 सितम्बर को फुटबॉल मैदान और हॉकी मैदान में 1701 से ऑफलाईन खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे।



## केंद्र के समान डीए देने की मांग ने जोर पकड़ा

### वार्षिक वेतनवृद्धि के लिये वित्त मंत्री का जताया आभार

**कटनी।** म. प्र. के वित्त मंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़, पूर्व मंत्री एवं विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक बहोरीबंद प्रणव प्रभात पांडे से आज़ाद अध्यापक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस में भेंट कर दोनों वार्षिक वेतनवृद्धि प्रदान करने के लिये आभार प्रगट किया एवं केंद्र के समान डी. ए. देने की मांग हेतु एवं संवर्ग की अन्य समस्याओं आई. एफ एम. कोड जनरेट करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, द्वितीय किश्त के एरियर्स, कम्प्यूटर ऑपरेटरो को संविदा नियुक्ति प्रदान करने आदि का ज्ञापन सौपा। प्रभारी मंत्री द्वारा समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया, साथ ही संघ की बहोरीबंद इकाई द्वारा भी स्लीमनाबाद में ज्ञापन में संघ के जिलाध्यक्ष रमाशंकर तिवारी, संजय मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, रामभुवन विश्वकर्मा, गुड्डा प्रसाद रैदास, श्रीकांत शुक्ला, सुशील दुबे, विनय हल्दकार, अनिल हल्दकार, सुशील तिवारी, रीना साहू, राम बाई कोल, दिनेश पाली, पीयूष त्रिपाठी, लाल कुमार यादव, फूल सिंह, राजेश कोरी, बी. डी. चौधरी आदि वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## नवोदय विद्यालय में 11वीं के लिए 31 तक जमा होंगे ऑनलाइन आवेदन

**कटनी।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति के अंतर्गत कार्यरत क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के तहत मध्यप्रदेश में स्थित समस्त जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 11वीं के लिये लेटरल एन्ट्री एडमीशन 2021.22 के लिये आवेदन 31 अगस्त 2021 तक किये जा सकते हैं। इस संबंध में इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन ूण्दंअवकंलंअपकलंसंलंण्हवअण्पद के माध्यम से 31 अगस्त 2021 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

## द्वितीय चरण में रीठी के 6719 लोगों ने लगवाई वैक्सीन, ब्लॉक में बनाए गए थे 18 केन्द्र



**कटनी।** कोरोना महामारी से पूरा विश्व लड़ रहा है और इस महामारी से बचाव हेतु शासन प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रही है। कोरोना महामारी से बचाव के लिए कोरोना वैक्सीन का प्रथम डोज व दूसरा डोज हर व्यक्ति को लगवाना अनिवार्य है। कोरोना वैक्सीन सुरक्षा कवच है जो हर व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। बुधवार व गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के आह्वान पर महावैक्सीनेशन का द्वितीय चरण चालू हुआ। जिसमें रीठी ब्लॉक के लोगों ने बढ.चढ कर हिस्सा लिया है और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारीयों का सहयोग किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी की प्रभारी बीएमओ डॉक्टर बबीता सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महावैक्सीनेशन अभियान के तहत बुधवार को रीठी ब्लॉक में अठारह वैक्सीनेशन सेंटर बनाये गये थे जहां कुल 4500 वैक्सीन की डोज आई थी। देर शाम तक चले वैक्सीन अभियान में ब्लाकभर से कुल 3637 लोग ही टीकाकरण केंद्र पहुंचकर वैक्सीन लगवाये। वहीं गुरुवार को दूसरे दिन भी रीठी ब्लॉक में 18 केंद्र पर वैक्सीनेशन केन्द्र बनाये गये और चार हजार वैक्सीन का डोज आया लेकिन देर शाम तक कुल 3082 लोग ही वैक्सीन लगवाये। दो दिनों में रीठी ब्लॉक के 6719 लोगों ने कोरोना महामारी से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाई है। देखा गया कि द्वितीय चरण के महावैक्सीनेशन अभियान की निगरानी करने अधिकारीयों की टीम बनाई गई थीए जो समय.समय पर टीकाकरण केंद्रों का जाएजा लेती रही।

## जिले में अब तक कुल 527.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 28 अगस्त तक 527.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 708.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू.अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 28 अगस्त तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 457.4 मिलीमीटर, रीठी में 489.2 मिमी, बड़वारा में 701.0 मिमी, बरही में 664 मिमी, विजयराघवगढ़ में 589.9 मिमी, बहोरीबंद में 449.4 मिमी, स्लीमनाबाद में 333 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 562.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले मे निरंक औसत वर्षा दर्ज हुई है।

## पाइप लाइन में फाल्ट आने के कारण आज पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही

**कटनी।** कटायेघाट स्थित नवीन जलशोधन संयंत्र से टंकियों को भरने वाली पानी की मुख्य पाईपलाईन में फाल्ट आ जाने के कारण आज 29 अगस्त को नगर के विभिन्न स्थलों नदीपार स्थित बस स्टेण्ड टंकी, तिलक कॉलेज टंकी, फारेस्टर ऑफिस टंकी, डनहिल टेंक, कलेक्ट्रेट टंकी, लखेरा स्थित संपवैल, कावस जी वार्ड स्थित शमशान घाट में निर्मित टंकी, रंगनाथ नगर टंकी, माधवनगर स्थित टंकी नंबर 2, टंकी नंबर 3 एवं टंकी नंबर 4 से होनें वाली पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही।

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340




## कार्यालय वन मंडलाधिकारी, (सामान्य) वन मण्डल ,कटनी

फोन नम्बर : 07622-227417 (कार्यालय), Email.-dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 07, जबलपुर रोड, झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

**वन अपराध में जप्त किये गये एंव अंतिम रूप से राजसात वाहन की नीलामी हेतु सील बंद निविदा की विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन मण्डल (सामान्य) कटनी के अंतर्गत अंतिम रूप से राजसात वाहनों का जो जहाँ है जिस हालत में है, के आधार पर नीलामी , सील बंद लिफाफे के माध्यम से निविदा आंमत्रित कर निर्वतन किया जाना है विवरण निम्नानुसार है-

| निविदा | निविदा (खोलने का ) स्थल | फार्म प्राप्त करने की तिथि व समय | फार्म जमा करने की तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| प्रथम निविदा | कार्यालय (सामान्य) वन मंडल ,कटनी | 31.08.2021 अपरान्ह 01:00 बजे तक | 03.09.2021 अपरान्ह 02:00 बजे तक | 03.09.2021 अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| द्वितीय निविदा | | 06.09.2021 अपरान्ह 01:00 बजे तक | 09.09.2021 अपरान्ह 02:00 बजे तक | 09.09.2021 अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| तृतीय निविदा | | 13.09.2021 अपरान्ह 01:00 बजे तक | 15.09.2021 अपरान्ह 02:00 बजे तक | 15.09.2021 अपरान्ह 03:00 बजे तक |

इच्छुक व्यक्ति वन मंण्डल अधिकारी, (सामान्य) वन मण्डल कटनी के कार्यालय में दी गई समय - सीमा तक बयाने की राशि बैंक ड्राफ्ट / सी.डी.आर सहित सील बंद निविदा के साथ जमा कर सकेगें ।प्रथम निविदा में शासन के निर्देशो के अनुरूप दरें प्राप्त न होने की स्थिति में द्वितीय एवं तृतीय निविदा आंमत्रित की जावेंगी ।

**वाहनों का विवरण**

| क्र. | राजसात वाहन का प्रकार एवं पंजीयन क्रमांक | | बयाने की राशि (बैंक ड्राफ्ट/सी.डी. आर के रूप में ) | स्थान जहाँ वाहन खड़ा है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टाटा पिकअप वैन (डीजल- बिएस-3) | MP-18-GA-3157 | 8000/- | केन्द्रीय काष्ठागार डिपो परिक्षेत्र ,कटनी |
| 2. | स्वराज ट्रेक्टर मय ट्राली | MP-54-A-7951 | 30000/- | परिक्षेत्र विजराघगढ़ |
| 3. | स्वराज ट्रेक्टर मय ट्राली | New | 39500/- | परिक्षेत्र विजराघगढ़ |
| 4. | स्कूटर एलएमएल वेस्पा | MP-20-A-2617 | 250/- | परिक्षेत्र कार्यालय कम्पाउंड बहोरीबंद |
| 5. | महिन्द्रा बोलेरो कैम्पर पिकअप | MP-21-G-0535 | 12500/- | परिक्षेत्र कार्यालय कम्पाउंड बहोरीबंद |
| 6. | टाटा ट्रक (10 चक्का) | MP-19-D-6618 | 37500/- | परिक्षेत्र कार्यालय कम्पाउंड बहोरीबंद |
| 7. | मोटर सायकिल सी.डी. डिलेक्स | MP-20-MH-1340 | 1200/- | उमरियापान डिपो |

नोट : निविदा फार्म प्राप्त करने की तिथि में कार्यालयीन समय 01:00 बजे तक रू.300/- का बैंक ड्राफ्ट / नगद जमा कर वनमंडलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है विस्तृत शर्त वन विभाग की बेबसाईट www.mpforest.gov.in पर देखी जा सकती है।

G-16140/21

वनमंडल अधिकारी,
सामान्य वन मंडल, कटनी

# जन्माष्टमी कल, इस बार द्वापर युग जैसा संयोग

## घरों और मंदिरों में मध्यरात्रि होगा नटखट कन्हैया का जन्म, कोरोना के चलते सत्यनारायण मंदिर में नहीं भरेगा मेला

**कटनी।** यशोदानंदन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कल 30 अगस्त को अपार उत्साह, उमंग और हर्षोल्लासमय वातावरण के बीच मनाया जाएगा। मध्यरात्रि 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में नटखट कन्हैया का जन्म होगा और इसके बाद पूरा आलम नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की...के गगनचुंबी जयघोषों से गूंज उठेगा। घंटे-घड़ियालों की मधुर ध्वनि के बीच नटखट कन्हैया का दूध, दही, शहद, घी, शक्कर व अन्य सामग्री से अभिषेक किया जाएगा, इसके बाद पूजा अर्चना व आरती उताकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। जन्माष्टमी को लेकर घरों व मंदिरों में तैयारियां की जा रही। पिछले साल की तरह इस साल भी कोरोना के चलते राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है। सत्यनारायण मंदिर में गाइडलाइन के कारण मेले का आयोजन नहीं किया जा रहा है। यहां मंदिर परिसर में चलित झांकियां भी नहीं सजाई जा रही है।



### मंदिरों में तैयारियां, आकर्षक साज सज्जा

खिरहनी फाटक स्थित सत्यनारायण मंदिर में कोविड गाइडलाइन के चलते मेले का आयोजन नहीं किया जा रहा है। मंदिर परिसर में चलित झांकियां भी नहीं सजाई जा रही है। रात 12 बजे शुभ मुहर्त में पूजा, अर्चना की जाएगी व प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर में सीमित संख्या में लोग आयोजन में शामिल होंगे। सिल्वर टाकीज रोड स्थित गोविंद देव जी मंदिर में साधारण तरीके से पर्व मनाए जाने तैयारियां की गई हैं। यहां आकर्षक साज सज्जा, भजन व प्रसाद वितरित किया जाएगा। खिरहनी ओवर ब्रिज के नीचे स्थित रामजानकी मंदिर, शेर चौक स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर, मेनरोड स्थित श्रीमहालक्ष्मी ट्रस्ट कमेटी धर्मशाला, गणेश चौक स्थित मधई मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भव्य आयोजन नहीं होंगे। एक सीमित संख्या में श्रृद्धालु और मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाएंगे। जिले के प्रसिद्ध बांधा क्षेत्र स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में भी इस बार भव्य आयोजन नहीं होगा। यहां पूजा, अर्चना के साथ ही महाआरती का आयोजन किया गया है।








कोरोना के चलते इस बार श्री सत्यनारायण मंदिर में मेले का आयोजन नहीं किया जा रहा है। शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए मंदिर में कल जन्माष्टमी पर्व पर नटखट कन्हैया का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### इस बार द्वापर युग जैसा संयोग, 6 तत्वों का एक साथ मिलना दुर्लभ योग

इस बार जन्माष्टमी पर विशेष संयोग बन रहा है, जो बेहद दुलभ योग है। श्रीमद्‌भागवत पुराण के अनुसार भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि रोहिणी नक्षत्र वृषभ राशि का चंद्रमा में मध्य रात्रि को हुआ था। ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील शास्त्री के अनुसार यह संयोग इस वर्ष जन्माष्टमी पर बन रहा है। इस जन्माष्टमी पर 6 तत्वों का एक साथ मिलना बहुत ही दुर्लभ योग बना रहा है। यह संयोग भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय द्वापर युग में बना था। यह छह तत्व है, भाद्र कृष्ण पक्ष अष्टमी, तिथि रोहिणी, नक्षत्र वृषभ, राशि में चंद्रमा, इसके साथ सोमवार का होना। सभी तत्व 30 अगस्त को जन्माष्टमी पर रहेंगे। सूर्योदय से अष्टमी तिथि है, जो कि सोमवार रात को 01:57 बजे तक अष्टमी तिथि रहेगी। इसलिए इस वर्ष जन्माष्टमी को बहुत उत्तम मान रहे हैं। 29 अगस्त को 11:27 से अष्टमी तिथि शुरू होगी, जो 30 अगस्त सोमवार रात को 1:57 तक रहेगी। सोमवार को अष्टमी तिथि उदया तिथि के साथ मध्य रात्रि को 12 बजे तक भी रहेगी। इसके चलते स्मार्त और वैष्णव दोनों मतों को मानने वाले एक ही दिन जन्माष्टमी मनाएंगे।



#### कृष्ण जन्माष्टमी तिथि और शुभ मुहूर्त

शुभ तिथि शुरू 11:25, अपरान्ह 29 अगस्त। शुभ तिथि समाप्त 01:59 पूर्वान्ह 31 अगस्त। मध्य रात्रि क्षण 12:22 पूर्वान्ह 31 अगस्त। चंद्रोदय क्षण 11:35 अपरान्ह। कृष्ण दशमी रोहिणी नक्षत्र प्रारंभ 30 अगस्त को पूर्वान्ह 06:39। रोहिणी नक्षत्र समाप्त 31 अगस्त पूर्वान्ह 09:44।

#### कृष्ण जन्माष्टमी निशिता पूजा मुहूर्त

जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की पूजा करने का समय निशिता काल के दौरान होता है, जो वैदिक समय के अनुसार मध्यरात्रि है। शुभ मुहूर्त 11:59 बजे से शुरू होगा और 12:44 पूर्वान्ह 31 अगस्त तक जारी रहेगा।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महत्व

भगवान कृष्ण भगवान विष्णु के आठवें अवतार हैं। वह सभी बुरी आत्माओं, विशेष रूप से मथुरा के शासक राजा कंस को मिटाने के लिए धरती पर अवतरित हुए थे। उनका जन्म देवकी और वासुदेव से हुआ था, हालांकि वृंदावन में यशोदा और नंद द्वारा उनका पालन-पोषण किया गया था। जो भक्त इस दिन उपवास करते हैं, उन्हें समृद्ध और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही उन्हें सफलता के रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने की ताकत मिलती है। कृष्ण जन्माष्टमी हिंदुओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण और शुभ त्योहारों में से एक है। यह एक ऐसा दिन है, जब भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। हिंदू कैलेंडर के अनुसार हर साल यह शुभ त्योहार कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि या भाद्रपद महीने में अंधेरे पखवाड़े के 8वें दिन पड़ता है। इस दिन भक्त एक दिन का उपवास रखते हैं और भगवान कृष्ण का आशीर्वाद लेने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही भक्त भगवान कृष्ण के जन्मदिन को मनाने के लिए अपने घर के मंदिर को सजाते हैं। गणना के अनुसार यह भगवान कृष्ण की 5248वीं जयंती होगी।

## किशोरी से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**कठनी/रीठी।** रीठी थाना क्षेत्र की एक किशोरी से छेड़छाड़ करते हुए उसे परेशान करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि गोलू पिता कैलाश सेन किशोरी का पीछा कर उसे परेशान करता था तथा एक दिन उसने सूने पन का फायदा उठाकर उसका हाथ पकड़ कर अश्लीलता की। युवक की हरकतों से परेशान किशोरी गतदिवस अपने पिता के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने किशोरी की शिकायत पर आरोपी युवक के विरूद्ध धारा 294, 506, 354, 354क, 354घ व 7, 8 पाक्सो एक्ट के तहत मामला कायम कर विवेचना मे लिया और फिर बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक बालगोविन्द प्रजापति, प्रधान आरक्षक भोले शंकर, जयचंद व लखन पटेल की भूमिका रही।



## शाम को बारिश से रात में राहत तो सुबह से चटक धूप ने छुड़ाया पसीना

**कटनी।** शनिवार देर शाम शहर में अचानक मौसम बदला और पांच बजे बारिश का दौर शुरू हुआ जो आधे घंटे तक जारी रहा। शाम को अचानक हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली और यह राहत लोगों को रात भर मिली। वहीं आज सुबह से फिर खिली चटक धूप से गर्मी व उमस बढ़ गई तथा लोग एक बार फिर पसीने से तर बतर होने लगे। गौरतलब है कि अभी तक जिले में अच्छी बारिश नही हुई। आधे जिले में सूखे के हालात बन रहे हैं। पहले धान की नर्सरी किसानों ने बारिश होने पर लगा ली थी। इसके बाद एकाएक बारिश बंद हो गई। किसी तरह पहले नर्सरी बचाई, बाद में बारिश होने पर रोपाई करा ली है लेकिन बारिश के अभाव में फसलें सुख रहीं हैं। भूमि में दरारें पड़ गई हैं। इसके अलावा आने वाले समय मे अगर ठीक बारिश नहीं होती है तो भीषण जलसंकट की भी स्थिति निर्मित हो सकती है। हिमालय की तराई से बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के चलते शनिवार से पूर्वी मध्य प्रदेश और महाकौशल में भी बारिश होने की संभावना के बीच कटनी में शाम को कुछ मिनटों के लिए ही बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में रीवा, शहडोल संभाग के जिलों में बारिश एवं कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की गई है। रविवार से वर्षा की गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना है जबकि 30 अगस्त को पूरे प्रदेश में तेज वर्षा होने के आसार बताए जा रहे हैं।


### गाज की चपेट में आए बकरी चरा रहे चार बच्चे, एक किशोरी की मौत, दो किशोरी व एक किशोर घायल

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम टिकरिया में आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई जबकि दो किशोरी व एक किशोर घायल हो गए हैं। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम टिकरिया निवासी 14 वर्षीय रचना पिता रमेश सिंह, 15 वर्षीय निधि पिता रमन सिंह, 13 वर्षीय प्राची पिता केशव व 10 वर्षीय रामू पिता रमन सिंह रोज की तरह शनिवार की शाम बकरियां चराने घर से निकले थे। करीब साढ़े चार बजे शाम बादलों की तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में चारों आ गए। जिन्हें उपचार के लिए शासकीय अस्पताल कटनी ले जाया गया। बताया जाता है कि जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रचना की मौत हो गई। वहीं निधि, प्राची व बालक रामू को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। गाज गिरने से एक किशोरी की मौत व तीन बच्चों के घायल होने से गांव में मातम हैं।

### जुआफड़ों में रीठी पुलिस की दबिश,10 आरोपियों से 4550 रूपए बरामद

कठनी/रीठी। रीठी थाना अंतर्गत कुछ दिनों से क्षेत्र की गलियों में जुआफड़ संचालित होने की सूचनाएं पुलिस को मिल रही थी। पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर डांग रोड विटनरी अस्पताल के पीछे, खुले मैदान में व एमपी मेमोरियल स्कूल के पीछे पुलिस ने छापा मार कार्रवाई की और तीनों ही स्थान पर बिसात बिछाकर बैठे लोगों को गिरफ्तार किया। तीनों जुआफड़ में छापामार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 4550 रूपए नगद सहित तासपत्ते जप्त किए। वहीं कुछ आरोपियों को पुलिस ने दर्शक बताकर फड़ से छोड़ दिया। वहीं जुआफड़ से गिरफ्तार हुए लोगों के नाम भी उजागर करने में रीठी पुलिस परहेज करते नजर आ रही है। जिससे लोग पुलिस की कार्रवाई पर सवालियां निशान भी लगा रहे हैं।

नीरज सिनेप्लेक्स में





शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 19 से
दोपहर 12, 3 एवं सायं 6 बजे से
बेल बॉटम
कलाकार-अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033




सिटी मॉल बरही रोड में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से
कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।
BELL BOTTOM
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में




बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 3 शो ता. 27 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से
कलाकार- अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी, रिया चक्रवर्ती,अन्नू कपूर आदि।
चेहरे
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)